# 7 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा आरआई

## सीमांकन के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी, लोकायुक्त पुलिस ने तहसील स्थित कार्यालय में पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार के विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परसोरिया मंडल के राजस्व निरीक्षक अविनाश सिंघई को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.**



आरोपी पर कृषि भूमि के सीमांकन, नक्शा एवं फील्ड बुक तहसील कार्यालय में जमा कराने के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है. शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त पुलिस ने पुरानी तहसील स्थित कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को रिश्वत की राशि स्वीकार करते समय दबोच लिया. लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कर्रापुर निवासी लखन सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी कृषि भूमि का सीमांकन कराने और उससे संबंधित दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए राजस्व निरीक्षक द्वारा 7 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है. शिकायत प्राप्त होने पर लोकायुक्त टीम ने तकनीकी एवं वैधानिक प्रक्रिया के तहत शिकायत का सत्यापन कराया. शिकायत सही पाए जाने के बाद ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई. शिकायतकर्ता को पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार पुरानी तहसील स्थित राजस्व निरीक्षक कक्ष भेजा गया. जैसे ही आरोपी अविनाश सिंघई ने शिकायतकर्ता से 7 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार की. पहले से सादी वर्दी में तैनात लोकायुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. कार्रवाई के दौरान रिश्वत की राशि बरामद कर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई. ट्रैप कार्रवाई का नेतृत्व निरीक्षक रंजीत सिंह एवं निरीक्षक रोशनी जैन ने किया. आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है. लोकायुक्त की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही तहसील कार्यालय में कर्मचारियों एवं आम लोगों की भीड़ जमा हो गई. ट्रैप कार्रवाई के दौरान लोकायुक्त अधिकारियों ने दस्तावेजी कार्रवाई पूरी की.

## जरुरतमंदों की जीवन रेखा ब्लड हेल्पलाइन

**खुरई.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से मात्र 15 दिनों में 95 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया. इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 7 मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनके उपचार को गति देने में सहयोग प्रदान किया गया. प्रारंभ हुई इस जनकल्याणकारी पहल ने अब तक 1,950 जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है. यह सेवा केवल रक्त उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को कठिन समय में मानसिक संबल, त्वरित सहायता और आर्थिक राहत भी प्रदान कर रही है.

# स्वास्थ्य प्रबंधन का आधार सही डेटा

## सुमन पंचायत शुरू करने के पूर्व विभागीय अमले को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने एवं शून्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में जैसीनगर विकासखंड में एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं सीएचओ के लिए प्रशिक्षण सह-समीक्षा सत्र संपन्न हुआ.**



प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नार्वे जैसे देशों ने अपनी बेहतर स्वास्थ्य प्रणालियों के बल पर मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को 1 या शून्य के स्तर पर ला खड़ा किया है. देश में भी अन्य राज्य इसी तरह बेहतर कार्य कर रहे हैं. समान स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और संसाधनों के बीच यदि अन्य राज्य यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं, तो जिला भी सही कार्यप्रणाली और सटीक फॉलो-अप से इस अंतर को समाप्त कर सकता है. कलेक्टर ने कहा कि, मैदानी अमले को अनमोल 2.0 ऐप और यू-विन पोर्टल पर डेटा एंट्री के दौरान होने वाली व्यावहारिक गलतियों से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि यदि ऐप संचालन में कोई तकनीकी समस्या आती है तो उसे फीडबैक भेजकर हल करें, परंतु डेटा प्रविष्टि में कोई कमी न छोड़ें. सही डेटा ही सही स्वास्थ्य प्रबंधन का आधार है. पात्र योग्य दंपतियों के शत-प्रतिशत पंजीयन और समय पर प्रसव पूर्व जांच के निर्देश दिए गए.

एएनएम द्वारा चिन्हांकन के बाद सीएचओ को प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती माता की पहचान और स्थिति की पूरी जानकारी होनी चाहिए. कलेक्टर ने कहा कि, हम लगातार सभी ब्लॉक में प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहे हैं.

# पशुपालकों को सामग्री वितरित



नवभारत न्यूज

**बीना 23 जुलाई. पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एड. निर्मला सप्रे ने पात्र हितग्राहियों को पावर ड्रिवेन चैफ कटर वितरित किए.**

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पावर ड्रिवेन चैफ कटर की कुल कीमत 22,800 रुपए निर्धारित है. इसमें हितग्राही को 10,800 रुपए का अंशदान जमा करना होता है. कार्यक्रम में प्रेम सिंह यादव, राहुल सिंह लोधी, अभिजीत यादव, दीवान सिंह यादव, राजेंद्र उपाध्याय, आलेख राय, कमलेश अहिरवार गोविंद सिंह ठाकुर मौजूद थे.

## श्री नागर आज सागर में

**सागर.** पद्मश्री सम्मान से अलंकृत एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) मोहन नागर 24 जुलाई को अल्प प्रवास पर सागर आएंगे. अपने प्रवास के दौरान वे प्रात: 11 बजे कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में परिषद के नेटवर्क से जुड़ी नवांकुर संस्थाओं, ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों तथा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे. बैठक में पदाधिकारी, अधिकारी, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य तथा सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे.

# कनेरादेव जलाशय रिसाव को रोकने राशि

नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. मानसून सत्र में विधायक शैलेंद्र जैन ने कनेरादेव सिंचाई परियोजना के जलाशय में रिसाव की गंभीर समस्या का विषय उठाते हुए शासन से की गई कार्यवाही एवं परियोजना के समाधान की जानकारी मांगी.**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि जलाशय के रिसाव की भू-तकनीकी जांच के लिए भारत सरकार के भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग से समझौता किया गया है. अनुसंधान कार्यों के लिए वर्ष 2023 में 1.95 लाख रुपये तथा वर्ष 2025 में 1.33 लाख रुपये व्यय किए गए हैं.

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने श्री बताया कि कनेरादेव जलाशय के रिसाव को रोकने एवं सुधार कार्यों के लिए 55.81 लाख रुपये की विशेष मरम्मत की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा वर्तमान में निविदा प्रक्रिया प्रचलित है. उन्होंने कहा कि रिसाव की समस्या का स्थायी समाधान मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही संभव होगा. विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने इस महत्वपूर्ण विषय को विधानसभा में उठाकर कनेरादेव जलाशय को पूर्णतः उपयोगी बनाने और क्षेत्र के किसानों को सिंचाई का अपेक्षित लाभ दिलाने की दिशा में शासन का ध्यान आकर्षित किया है. प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब विशेष मरम्मत कार्य की निविदा प्रक्रिया पूरी होने तथा कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है, जिससे जलाशय के रिसाव की समस्या का स्थायी समाधान होने और किसानों को सिंचाई सुविधा का बेहतर लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा.

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाजयुमो ने भोपाल पहुंचकर की मुलाकात



नवभारत न्यूज

**बंडा 23 जुलाई. भाजयुमो के नवनियुक्त ग्रामीण जिलाध्यक्ष आयुष पांडेय ने भोपाल पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की.**

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, प्रदेश मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा, पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, विधायक ब्रजबिहारी पटेरिया, वीरेंद्र सिंह लंबरदार, अभिषेक भार्गव सहित अन्य पार्टी के वरिष्ठ नेता से सौजन्य भेंट की.

## एक नजर में




### स्नातकोत्तर परीक्षा का निरीक्षण किया

**सागर.** रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर की परीक्षाएँ प्रारंभ हो चुकी हैं. कुलगुरु प्रो. विनोद कुमार मिश्रा ने विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र एवं ज्ञानवीर महाविद्यालय एवं पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, मकरोनिया बुजुर्ग में आयोजित की जा रही स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का निरीक्षण किय. उन्होंने दोनों परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था एवं परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ठाकुर, डॉ. दिव्या गुरु, प्राचार्य डॉ. पुष्पा खरे, डॉ. रश्मि शर्मा, कुलसचिव प्रो. शक्ति जैन, डॉ. भावना पटेल, डॉ. पवन खटीक एवं डॉ. मिथलेश शरण चौबे उपस्थित रहे.



### भक्ति भाव से की जा रही सिद्धों की आराधना

**सागर.** श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर नेहा नगर में 21 तारीख से 29 जुलाई तक चलने वाले श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन पवन जैन दीवान, के सी जैन, राजकुमार शास्त्री के निर्देशन में किया जा रहा है. पंडित राजकुमार शास्त्री ने बताया कि अष्टाह्निका पर्व के दौरान 8 या 9 दिनों तक आयोजित किया जाता है. महामंत्री संजय जैन पटवारी एवं प्रवक्ता निर्मल जैन ने बताया कि आज 32 अर्घ समर्पित किए गए. मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया कि सौधर्म इंद्र का सौभाग्य सुनील रजनी, ध्वजारोहण मंदिर कमेटी अध्यक्ष नीलेश अर्चना जैन को, श्रीपाल मैना सुंदरी विजय मनोरमा जैन, कुबेर इंद्र अंकित सोनम, महायज्ञानायक चक्रेश कल्पना, यज्ञनायक अनिल अर्पणा, ईशान इंद्र कमल किरण, सानत इंद्र शैलेंद्र प्रियंका, माहेंद्र जिनेश मीना, भरतचक्रवर्ती राजीव भारिल्य सुषमा, बाहुबली नरेंद्र बेबी, अनंतवीर्य राकेश पूनम को प्राप्त हुआ.



### बोर्ड परीक्षा के मेधावी बच्चो का सम्मान

**गौरझामर.** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा द्वादश हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 में विद्यालय में प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर शरद पाठक को स्कूटी, द्वितीय स्थान पर बहिन जासमी लोधी को 21000 रू., तृतीय स्थान पर बहिन आरती बिल्थरे को 11000 रू. पुरुस्कार के रूप में प्रदान किये गए. प्राचार्य कमलेश सेन ने इन छात्र/छात्राओं को शुभकामनायें प्रेषित की. इस अवसर पर अध्यक्ष ऋषभ साहू, उपाध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, सचिव प्रेमनारायण साहू, कोषाध्यक्ष शशिकांत शेंड्ये, जगदीश मिश्रा आदि मौजूद थे.

# बीएमएस का स्थापना दिवस



नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. भारतीय मजदूर संघ द्वारा 72 वा स्थापना दिवस बालाजी मंदिर परिसर में मनाया.**

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश जारोलिया ने एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयुक्त महामंत्री अशीष सिंह रहे. विशेष आमंत्रित अतिथि किशोरी लाल रैकवार उपस्थित रहे. संचालन जिला मंत्री दीपक मिश्रा ने किया. इस अवसर पर राकेश श्रीवास्तव, कंस्ट्रक्शन मजदूर संघ प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप पाठक, अशोक तिवारी, अवधेश उपाध्याय, आउटसोर्स कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष सोनू चुटेले, हरीश कुशवाहा, गणेश कोरी, महेंद्र सक्सेना, दिनेश कनौजिया, विकास उपाध्याय, धन प्रसाद कुशवाहा, अजय केसरवानी, प्रभात मिश्रा आदि मौजूद रहे.

## स्कूल बसों की चैकिंग

**सागर.** कर्रापुर क्षेत्र में 19 स्कूली वाहनों एवं अन्य वाहनों को चौक किया गया, जिनमें से 01 स्कूल बस जो बिना फिटनेस के स्कूली बच्चों को लेकर संचालित होते हुए पाई गई एवं 01 स्कूल बस जो बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित पाये जाने पर उक्त वाहनों को जप्त कर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया. उक्त कार्यवाही कर्रापुर क्षेत्र में की गई थी. चैकिंग के कारण कुछ वाहन चालकों द्वारा रास्ता बदलकर जाने का प्रयास किया, किन्तु जांच दल द्वारा उन्हें जांच दायरे में लिया गया तथा कमी पाये जाने पर वाहन जप्त की गई है.

# जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा में गूंजे जयकारे

नवभारत न्यूज

**बीना 23 जुलाई. उज्जैन इस्कॉन मंदिर से आए केशव प्रभु के तत्वाधान में बीना में भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा निकाली गई.**

रथ यात्रा नरसिंह मंदिर बीना प्रांगण से प्रारंभ होकर पुलिस थाने के पीछे, सर्वोदय चौक, स्टेशन रोड, गांधी चौराहा, महावीर चौक होते हुए मां जागेश्वरी मार्ग से वापस नरसिंह मंदिर पर संपन्न हुई. मंदिर प्रांगण में महाप्रसाद का वितरण किया गया. जिसे श्रद्धालुओं ने बड़े श्रद्धाभाव से ग्रहण किया. रथ को फूलों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया.



केशव प्रभु, इस्कॉन उज्जैन ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा साक्षात मोक्ष देने वाली है, जो भी भक्त इस रथ को खींचता है या दर्शन करता है उसके सभी पाप और कष्ट दूर हो जाते हैं. बीना में जिस श्रद्धा और उत्साह से लोग शामिल हुए वह दर्शाता है कि यहां धर्म और भक्ति जीवित है. रथ यात्रा को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका और विभिन्न सामाजिक संगठनों का विशेष सहयोग रहा. मार्ग में जगह-जगह पेयजल, शरबत और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी. यात्रा के समापन पर नरसिंह मंदिर में महाआरती हुई और भगवान को विशेष भोग लगाया गया. उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया.

# निर्यापक मुनि संघ की भाग्योदय में अगवानी

नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. निर्यापक मुनिश्री अभयसागर महाराज ससंघ के सागर आगमन पर ऐतिहासिक अगवानी यात्रा निकाली गई.**

महावीर नगर, गल्ला मंडी चौराहे से प्रारंभ हुई इस अगवानी में महिला मंडल, युवा एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए. मुनिसंघ खुरई रोड स्थित कृषि उपज मंडी चौराहे पर पहुंचा जहां भाग्योदय तीर्थ से मुनिश्री उद्यम सागर महाराज, मुनिश्री गरिष्ठ सागर महाराज एवं मुनिश्री हीरक सागर महाराज ससंघ ने अगवानी की. मुनिश्री अभय सागर महाराज, मुनिश्री शाश्वतसागर महाराज, मुनिश्री नमीसागर महाराज ने भी छोटे मुनिराजो ने 3 परिक्रमाएं कर पुण्य लाभ अर्जित किया.



संपूर्ण मार्ग को आकर्षक रंगोलियों और गेट लगाकर सजाया गया, जबकि सैकड़ों युवा हाथों में धर्मध्वज लेकर जयघोष करते हुए मुनिसंघ के साथ चल रहे थे. भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से परिपूर्ण यह अगवानी यात्रा पूरे शहर के लिए आस्था का अनुपम दृश्य बन गई. मुनिसंघ मुख्य पंडाल में पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने नमोस्तु-नमोस्तु के जयघोष के साथ दर्शन एवं वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इस अवसर पर पाद प्रक्षालन का सौभाग्य महेश, संतोष बिलहरा एवं तहसीलदार मोहित जैन को प्राप्त हुआ. बीना से बिहार कर रहे युवाओं का सम्मान आचार्य श्री का चित्र देकर किया गया. अपराजित योद्धा संघ सागर के अलावा रहली, बंडा चंदेरी, बीना, मुंगावली, खुरई आदि स्थानों के श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया. संचालन ब्रह्मचारी विजय भैया, मुकेश जैन ढाना एवं अनिल नैनधरा ने किया. अष्टानिका महापर्व पर भाग्योदय तीर्थ में चल रहे श्री सिद्धचक्र विधान के तीसरे दिन श्रद्धालुओं द्वारा 16 अर्घ समर्पित किए गए. विधान चौथे दिन शुक्रवार को 32 अर्घ चढ़ाए जाएंगे.

## भक्ति करने से माया से निकल सकते हैं

**सागर.** राधे कृष्णा सत्संग परिवार पटकुई स्थित कुबेर वाटिका में श्रीमद भागवत कथा में नीलगिरी पीठाधीश्वर आत्मानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि सत्संग जैसा आनंद दुनिया में कहीं नहीं है. सत्संग में भजन-कीर्तन करो और हनुमान भगवान जैसे आनंद में रहो. जब भगवान से प्यार हो जाएगा तब जितनी बार सत्संग करोगे उतनी बार आनंद का बोध होगा. सदगुण प्रधान व्यक्ति सदैव दूसरों की भलाई, खुशी चाहता है. हम सभी को सदगुण व्यक्ति के समान होना चाहिए, रात में गहरी नींद में नहीं सोना चाहिए, हमेशा सतर्क रहना चाहिए. किसी भी परिस्थिति में भगवान का नाम लेना नहीं छोड़ना चाहिए और पूजा-पाठ, संकीर्तन करते रहना चाहिए. विषम परिस्थितियों में समस्या को हल करने के राह सत्संग दिखाता है. युवाओं को नशे से दूरी बनाने के लिए जागरूकता की आवश्यकता है.

# एलिवेटेड कॉरिडोर से झील में कूदी युवती, शिनाख्ती हुई

नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. लाखा बंजारा झील पर बने एलिवेटेड कॉरिडोर से एक युवती ने छलांग लगाकर अपनी जान दे दी. घटना उस समय हुई जब झील के आसपास लोगों की आवाजाही बनी हुई थी.**

सूचना मिलते ही बोट क्लब के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया. काफी प्रयास के बाद युवती को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. जिसकी शिनाख्ती दोपहर बाद नैनसी चौधरी निवासी अहमद नगर गोपालगंज के रुप में हुई. सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब 25 वर्षीय एक युवती एलिवेटेड कॉरिडोर पर पहुंची. कुछ देर तक वह वहां खड़ी रही और अचानक झील में छलांग लगा दी. युवती को पानी में गिरते देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया. जानकारी के अनुसार युवती को पानी में गिरते देख बोट क्लब के कर्मचारियों ने तत्काल रेस्क्यू शुरू किया. कर्मचारी नाव लेकर झील में पहुंचे और युवती को पानी से बाहर निकाल लिया, हालांकि उसकी सांसें थम चुकी थीं. मौजूद लोगों ने बचाव कार्य में सहयोग किया.

# तिलक और आजाद को याद किया



नवभारत न्यूज

**सागर 23 जुलाई. भाजपा जिला कार्यालय में बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई.**

इस अवसर परभाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया.

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी एवं निकेश गुप्ता, जिला महामंत्री चैन सिंह ठाकुर, राहुल वैद्य एवं प्रासुक जैन, बालकिशन सोनी, जय सोनी, अमित बैसखिया, सोनू उपाध्याय, चित्तर सिंह, पवन यादव, राजेंद्र उपाध्याय, नितिन सोनी, निखिल अहिरवार मौजूद थे.

## डीएम को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर.** दिल्ली में शिक्षा, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में सामाजिक संगठन अधिवक्ता संवाद मैदान में उतर आया. संगठन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा घायल छात्रों को न्याय दिलाने की मांग उठाई. ज्ञापन में कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है.

# तीन बाइक सवार युवकों को डंपर ने कुचला

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 23 जुलाई. सिटी कोतवाली सदर क्षेत्र के रोड़ा गांव के पास एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों को कुचल दिया.**



हादसा में तीनों किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई. आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाकर दोषी चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की. रोड़ा गांव निवासी अभिषेक पाल पुत्र ब्रजभान, शनि पुत्र जगभान और अंशू पुत्र रूपलाल एक ही बाइक से खेत की ओर जा रहे थे. गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर रेलवे पुल के पास स्थित टाटा सर्विस सेंटर के नजदीक पीछे से तेज गति से आए एक अनियंत्रित डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों बच्चे बाइक से उछलकर डंपर के नीचे आ गए. डंपर उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया, जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. सूचना पर पहुंची कोतवाली सदर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उन्हें मोर्चरी में रखवाया गया. कोतवाली सदर प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी ने बताया कि हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन चचेरे भाइयों की मौत हुई है.